राजभाषा प्रबंधन कार्यक्रम

कार्यपालकों के बीच राजभाषा प्रबंधन के संबंध में एक अवबोध सृजित करने के उद्देश्य से दिनांक 03 फरवरी 2021 को उप महाप्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक के स्तर तक के कार्यपालकों केलिए एक राजभाषा प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीमती पापिया चाटर्जी, सहायक प्रबंधक, नेशनल इंश्यूरेंस कंपनी ने कक्षा का संचालन किया। उन्होंने बड़े रोचक एवं ज्ञानवर्द्धक तरीके से राजभाषा अधिनियम, नियम और तत्संबंधी विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। हिंदी की प्रमुखता को बताते हुए संविधान में हिंदी के दर्जे को छूते हुए राजभाषा तक की यात्रा का सफल चित्रण किया, साथ ही, कार्यालय में राजभाषा हिंदी के महत्व, राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति कार्यपालकों का उत्तरदायित्व, राजभाषा नीति, वार्षिक कार्यक्रम आदि सभी बिंदुओं पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। राजभाषा संबंधी प्रावधानों को छोटा छोटा - नुस्का बनाकर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पेश किया गया। कार्यालय में कार्यपालकों को किस प्रकार अपने सहकर्मियों को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहित करना है इस पर भी विचार किया गया। आगे बढ़ते हुए उन्होंने हिंदी

भाषा के व्याकरण से सभी भागीदारों को अवगत कराया। लिंग पहचानने के कुछ सरल तरीकों को समझाया। रोचक कार्यशीटों से भागीदारों को कुछ समय के लिए व्यस्त रखा। सभी भागीदारों को अपना काम हिंदी में करने हेतु प्रेरित किया गया। भागीदारों ने इस संबंध में अनेक प्रश्नों को उठाया जिसका सफल हल निकाला गया। सभी प्रतिभागियों ने अपने मन की बात बताई और यह विश्वास दिलाया कि उनसे जो बन पड़ता है वे करेंगे। सत्र में कुल मिलाकर बाईस प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम था।

****